आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती के अवसर पर आज जनजाति सांस्कृतिक समागम का आयोजन दिल्ली के लाल किला मैदान में किया जाएगा।
2. सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से आयोजित चलचित्र–अंडमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल–2026 का आयोजन किया जा रहा है।
3. रंगत के सहायक आयुक्त कार्यालय द्वारा तेरह जून को रंगत मानसून मैराथन–2026 का आयोजन।
4. एम वी स्वराज द्वीप की 26 मई की विशाखापट्टन यात्रा के लिए बचे हुए टिकटों की ब्रिकी कल की जाएगी।

<><><><><><><>

भारत के महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती के अवसर पर जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा विराट जनजाति सांस्कृतिक समागम का आयोजन दिल्ली के लाल किला मैदान में आज किया जाएगा। इस विशाल जनजाति –सांस्कृतिक समागम में देशभर के 500 से अधिक जनजाति समुदाय के लगभग डेढ़ लाख प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस विशेष आयोजन में पांच स्थानों से शोभा यात्रायें निकाली जायेंगी जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में देश के विभिन्न हिस्सों से आए जनजाति महिला–पुरुष शोभायात्रा में सम्मिलित होकर अपनी संस्कृति–परम्परा का प्रदर्शन करेंगे। शोभा यात्रा का समापन लाल किले के मैदान में जनसभा के आयोजन के साथ होगा। इस विराट शोभा यात्रा के जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस जनजाति सांस्कृतिक समागम में भाग लेने के लिये द्वीप समूह से भी छोटा नागपुरी मूल के 12 जनजाति समूह के कुल 133 प्रतिनिधियों क़ा दल दिल्ली पहुंच चुका है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से आयोजित चलचित्र–अंडमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल–2026 का आयोजन मानवविज्ञान सर्वेक्षण के सभागार में किया जा रहा है। इस फिल्म महोत्सव में कल दो फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। पहले सत्र में सलाम बॉम्बे दिखाई गई, जिसका निर्देशन प्रसिद्ध फिल्मकार मीरा नायर ने किया है। वहीं दूसरे सत्र में RRR का प्रदर्शन किया गया, जिसका निर्देशन S. S. Rajamouli ने किया है। फिल्म फेस्टिवल के तहत कल इच्छुक

प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क शॉर्ट फिल्ममेकिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में फिल्ममेकर Samhita Veda Acharya ने रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रतिभागियों को फिल्म डायरेक्शन की बुनियादी जानकारी, सिनेमेटोग्राफी तकनीक, विजुअल नैरेटिव एवं कैमरा कंपोजिशन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया। इसी श्रृंखला में 29 और 30 मई को भी विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

<><><><><><>

पशुपालन एवं पशुचिकित्सा सेवा विभाग द्वारा दक्षिण अंडमान जिले में 11 मई से पशुओं के लिए सामूहिक कृमिनाशक अभियान शुरू किया गया है। आगामी मानसून एवं मुंह और खुर से संबंधित रोगों के टीकाकरण अभियान को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम एहतियाती स्वास्थ्य उपाय के रूप में चलाया जा रहा है। यह अभियान दक्षिण अंडमान जिले के सभी पशु चिकित्सालयों, डिस्पेंसरी एवं उपकेंद्रों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान पशुपालकों को नियमित डीवार्मिंग के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। अब तक इस कार्यक्रम के तहत 144 गायों और 14 भैंसों का कृमिनाशन किया जा चुका है, जिससे जिले के 38 पशुपालकों को लाभ मिला है। विभाग ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे फील्ड में कार्यरत पशु चिकित्सा कर्मचारियों का सहयोग करें और अपने पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए इस सामूहिक कृमिनाशक अभियान का लाभ उठाएं।

<><><><><><>

सहायक आयुक्त कार्यालय, रंगत द्वारा पी आर आई एवं विभिन्न विभागों के समन्वय से तेरह जून को सुबह साढ़े पाँच बजे "रन फॉर हेल्थ, यूनिटी एंड एनवायरनमेंट" विषय पर "रंगत मानसून मैराथन 2026" का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और सामुदायिक भावना का उत्सव मनाना है। मैराथन में पुरुषों के लिए 10 किलोमीटर और महिलाओं के लिए 5 किलोमीटर दौड़ आयोजित की जाएगी। दोनों वर्गों में विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं पदक प्रदान किए जाएंगे। सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थानों, संगठनों तथा आम जनता से इच्छुक प्रतिभागियों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए 9434–270–758 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को सम्मानित करने वाला एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया

जाता है जिनकी उपलब्धियों का समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा हो और जो अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकें। यह पुरस्कार बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की छह श्रेणियों में प्रदान किया जाता है। इक्कतीस जुलाई तक 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे, जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट सार्वजनिक योगदान दिया हो, नामांकन के पात्र होंगे। पुरस्कार के लिए नामांकन भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों, राज्य सरकारों, केंद्रशासित प्रदेशों तथा अन्य संबंधित संस्थानों से आमंत्रित किए गए हैं। नामांकन केवल ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर स्वीकार किए जाएंगे। पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हो चुकी है तथा नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक है।

<><><><><><><>

सेल्यूलर जेल में आयोजित होने वाला ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम आज से पुनः शुरू किया जाएगा। सूचना, प्रचार एवं पर्यटन विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि आम जनता और पर्यटकों के लिए यह शो फिर से शुरू किया जा रहा है। कार्यक्रम के पुनः संचालन से पर्यटकों को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और सेल्यूलर जेल की गौरवगाथा को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। प्रशासन ने नागरिकों और पर्यटकों से निर्धारित समय पर पहुंचकर शो का आनंद लेने की अपील की है।

<><><><><><><>

एम वी स्वराज द्वीप के 26 मई को विशाखापट्टनम के लिए प्रस्थान करेगा। जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से आरक्षित कोटे में उपलब्ध अप्रयुक्त अथवा सरेंडर किए गए टिकटों की बिक्री आम जनता के लिए कल सुबह 11 बजे से की जाएगी। यात्री टिकटों की बुकिंग डी एस एस ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त टिकट STARS टिकटिंग काउंटरों से भी खरीदे जा सकते है। यात्रियों की सुविधा के लिए ई–टिकटिंग पोर्टल से जुड़ा एक क्यू आर कोड भी उपलब्ध कराया गया है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल और 26 मई को शोल बे में आधार शिविर लगेगा। आम जनता से इन विशेष आधार शिविरों का लाभ उठाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले में सिविल डिफेंस वॉलंटियर के तौर पर भर्ती के लिए सीधे साक्षात्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। 18 से 40 वर्ष के 10वीं कक्षा पास उम्मीदवार जो दक्षिण अंडमान जिले का निवासी हो, वे इसके लिए पात्र है। उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने नेशनल वॉलंटियर फोर्स,होम गार्ड या केंद्र सरकार के सशस्त्र बलों में सेवा दी हो। आवेदन ज़िला नियंत्रण कक्ष में जमा किए जा सकते हैं। साक्षात्कार की तारीख, समय और जगह की घोषणा बाद में की जाएगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि छह जून है।

<><><><><><><>